रोहतक, मंगलवार 11 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष : 29, अंक : 282 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 29.9, न्यून. 7.3 haribhoomi.com




# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## शाम 6 बजकर 52 मिनट पर

# दिल्ली 'दहली'

**मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास चलती कार में विस्फोट, आसपास के वाहनों में आग लगी, कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी आवाज**

- दिल्ली धमाके का गुनहगार कौन? ये किसकी साजिश?
- धमाके में इस्तेमाल कार आई 20 हरियाणा नंबर की
- गुरुग्राम में सलमान के नाम से रजिस्टर्ड, हिरासत में
- सलमान ने पुलवामा के तारीक को यह कार बेची थी



गृह मंत्री अमित शाह घायलों से एलएनजेपी अस्पताल में जाकर मिले। विस्फोट वाले स्थान का भी दौरा किया।

# लाल किले के पास कार में धमाका, 10 की मौत, 24 घायल, हरियाणा में भी हाईअलर्ट

## बड़े सवाल?

1 क्या फरीदाबाद में 24 घंटे में पकड़े गए 2900 किलो विस्फोटक से इस धमाके का रिश्ता है?

2 क्या आरोपियों द्वारा यह धमाका जल्दबाजी में किया गया? क्योंकि, माना जा रहा था कि इस कार में भी विस्फोटक छिपाया गया था, वह भी पकड़ा जा सकता था।

3 दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने बताया कि यह एक मूविंग व्हीकल था। यानी, यह विस्फोटक कार से कहीं ले जाया जा रहा था? इस कार में कुछ लोग थे।

4 कुछ लोग कह रहे हैं कि ये सीएनजी वाली कार थी और इसका सिलेंडर फट गया। पर, क्या सिलेंडर का धमाका इतना तेज होता है कि दूर के मंदिर और घरों के शीशे उड़ जाएं?

5 तो, क्या इसे आतंकी घटना माना जाएगा? क्या इसे एक्ट ऑफ वार माना जाएगा? तो, अब केंद्र का क्या एक्शन होगा?

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास खड़ी एक कार में सोमवार शाम जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिससे आसपास मौजूद कई वाहनों में आग लग गई और कई की खिड़कियों के शीशे टूट गए। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में 10 व्यक्ति की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। विस्फोट के बाद दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर के लिए हाई अलर्ट जारी कर दिया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक, दमकल की सात गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कई मीटर दूर खड़े वाहनों की खिड़कियां टूट गईं और भीड़भाड़ वाले इलाके के आसपास की इमारतों में भी इसकी आवाज सुनी गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, विस्फोट लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के पास खड़ी एक कार में हुआ। इसकी तीव्रता काफी अधिक थी। इसमें कई लोगों के घायल होने की आशंका है। विस्फोट के दृश्यों में जलती हुई कारों से आग की लपटें और धुआं उठता दिखाई दिया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, "मैं गुरुद्वारे में था, जब मैंने एक तेज आवाज सुनी। आवाज इतनी तेज थी कि हम समझ ही नहीं पाए कि यह किस चीज की थी।" उसने बताया, "विस्फोट के कारण आसपास खड़े कई वाहनों के परखच्चे उड़ गए।"

*धमाके के बाद एनएसजी-एनआईए की टीमें पहुंचीं । दिल्ली, मुंबई, हरियाणा और यूपी में हाई अलर्ट, पूरा इलाका खाली कराया, एयरपोर्ट-रेलवे स्टेशन व प्रमुख बाजारों में सुरक्षा बढ़ाई गई।*

1 ***मृतकों के शरीर के हिस्से दूर-दूर तक बिखरे। आसपास के वाहन भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए***

2 ***प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति का जायजा लिया, गृह मंत्री अमित शाह से बात की, एजेंसियां तत्परता से कर रही विस्फोट की जांच***



### हरियाणा सहित पूरे एनसीआर में हाईअलर्ट

दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाके के बाद हरियाणा के गुरुग्राम सहित दिल्ली से सटे जिलों में पुलिस ने हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। पुलिस कमिश्नर ने सभी डीसीपी, एसीपी, थाना और चौकी इंचार्जों को अपने अपने क्षेत्र में चेकिंग गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्टेशन छोड़ने से मनाही कर दी है। डीसीपी हेडक्वार्टर डॉ. अर्पित जैन ने कहा कि पूरा गुरुग्राम पुलिस बल हाईअलर्ट मोड पर है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, शॉपिंग मॉल, मार्केट, धार्मिक स्थल और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की विशेष टीमें 24 घंटे निगरानी कर रही है। संदिग्ध वाहनों की गहन चेकिंग की जा रही है। बॉर्डर क्षेत्रों पर नाकाबंदी बढ़ा दी गई है और वाहनों की रैंडम चेकिंग के साथ-साथ ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से भी मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी जोनल डीसीपी, एसीपी और थाना एसएचओ खुद फील्ड में मौजूद हैं और लगातार पेट्रोलिंग का नेतृत्व कर रहे हैं।

### धमाके के बाद क्या हुआ?

- 10 से ज्यादा कारों के परखच्चे उड़े, तीन से ज्यादा बैट्री रिक्शे हुई तबाह
- आसपास के कई घरों की खिड़कियों और गौरीशंकर व जैन मंदिर के शीशे चकनाचूर हो गए
- 30 से ज्यादा घायल एलएनजेपी अस्पताल में पहुंचाएं गए
- 30 में से करीब 8 लोगों की हालत बेहद खराब
- दमकल की कई गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर मौजूद रही
- क्राइम ब्रांच, स्पेशल ब्रांच और फॉरेंसिक की टीमों ने जांच का मोर्चा संभाला
- ब्लास्ट की वजह से आस पास की स्ट्रीट लाइट भी टूट गईं
- चांदनी चौक मार्केट को बंद कर दिया
- लाल के आसपास के पूरे इलाके और सड़कों को बंद कर दिया गया है

# फरीदाबाद में विस्फोटक मिला, दिल्ली में धमाका

## 03 डॉक्टर सहित 08 गिरफ्तार



डॉ. आदिल डॉ. मुजम्मिल

### 2900 किलो विस्फोटक और हथियार बरामद

**श्रीनगर/फरीदाबाद (भाषा)।** देश के विभिन्न हिस्सों से तीन चिकित्सकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। पुलिस का दावा है कि इन गिरफ्तारियों और जब्ती से जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में कश्मीर के डॉ. मुजम्मिल गनी और लखनऊ की डॉ. शाहीन शामिल हैं, जिन्हें हिरासत में पूछताछ के लिए श्रीनगर लाया गया। अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार से एक एके-47 राइफल मिली थी। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू- कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस बलों के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का संयुक्त अभियान एक बड़ी सफलता है। डॉक्टर मुजम्मिल फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। डॉक्टर शाहीन उसकी गर्लफ्रेंड है। उसने फरीदाबाद के धौज गांव में 3 महीने पहले किराए पर कमरा लिया था। वह यहां रहता नहीं था, केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था।

**जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा पुलिस के साथ केंद्रीय एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई में मिली कामयाबी**

- डॉ. आदिल अहमद को सहारनपुर से पकड़ा
- शकील ने फरीदाबाद के धौज गांव में किराए पर लिया था कमरा
- लखनऊ की महिला डॉ. शाहीन भी शामिल

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से सात कश्मीर से हैं। इनमें श्रीनगर के नौगाम के निवासी आरिफ निजार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद; शोपियां का निवासी मौलवी इरफान अहमद; गंदेरबल के वकुरा का निवासी जमीर अहमद आहंगर उर्फ मुतलशा, पुलवामा के कोइल क्षेत्र का निवासी डॉ. मुजम्मिल अहमद गनी उर्फ मुसैब, कुलगाम के वनपोरा क्षेत्र का रहने वाला डॉ. आदिल और लखनऊ का निवासी डॉ. शाहीन शामिल है।

## खबर संक्षेप

### बिहार में दूसरे चरण का मतदान आज

**पटना (भाषा)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को 3.70 करोड़ मतदाता 122 सीटों पर 1,302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के आधा दर्जन से अधिक मंत्री भी शामिल हैं। दूसरे चरण में जिन जिलों में मतदान होना है, उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज शामिल हैं, ये सभी नेपाल की सीमा से सटे हुए जिले हैं। *एजेंसी*

### एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय मंगलवार को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का अखिल भारतीय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगा। एसआईआर की कवायद पर निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करने वाली न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि किसी भी नए मामले को भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई के समक्ष सूचीबद्ध करने की आवश्यकता है। *एजेंसी*

# पंजाब यूनिवर्सिटी में बवाल प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

**सीनेट चुनाव तारीख घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब यूनिवर्सिटी में सीनेट इलेक्शन की तारीख अनाउंस करने की मांग को लेकर सोमवार को बवाल हुआ। किसानों ने स्टूडेंट्स के साथ मिलकर मोहाली-चंडीगढ़ बॉर्डर आने-जाने वाली सारी सड़कें जाम कर दीं। इस वजह से बच्चों को स्कूल से लाने वाले पेरेंट्स भी फंस गए। छात्रों ने पुलिस से धक्कामुक्की के बाद पीजीआई के सामने गेट नंबर एक को तोड़ दिया। हालांकि उन्हें रोकने के लिए चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर गेट पर चढ़ीं। लेकिन स्टूडेंट्स नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग तोड़ने वाले प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया।



### पूरे शहर में नाकाबंदी

मोहाली-चंडीगढ़ बॉर्डर पर फेज 6 में किसानों ने पुलिस के बैरिकेड तोड़ दिए। इसके बाद वह पीयू पहुंचे। पुलिस ने पहले उन्हें रोकने की कोशिश की थी। लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। चंडीगढ़ में घुसने से रोकने जाने पर निहंग वाईपीएस चौक मोहाली की तरफ रवाना हो गए। वहां जाम लगने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने उसे चारों तरफ से बंद कर दिया। पूरे शहर में 12 जगह नाकाबंदी की गई।

# अभिनेता धर्मेंद्र की हालत नाजुक, वेंटिलेटर पर रखा

**डॉक्टर बोले-अगले 72 घंटे क्रिटिकल, धर्मेंद्र के परिजन अस्पताल में मौजूद**



**मुंबई (एजेंसी)।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गई। उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार उन्हें सांस लेने में तकलीफ के चलते वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए है। डॉक्टरों के मुताबिक धर्मेंद्र के लिए अगले 72 घंटे बेहद मुश्किल हैं। हालांकि उनकी स्थिति को लेकर सनी देओल की टीम की तरफ से बयान जारी किया गया है। बयान में कहा गया- 'हमेशा की तरह यह सिर्फ अफवाह हैं। सर बेहतर हो रहे हैं। वे ऑब्जर्वेशन में हैं। घबराने की कोई बात नहीं है।' धर्मेंद्र के परिवार के सदस्य अस्पताल में मौजूद हैं।

### अमेरिका से बेटियों को बुलाया

उनकी बेटियों को अमेरिका से बुलाए जाने की खबर है। हेमा मालिनी धर्मेंद्र से मिलने अस्पताल पहुंची। हाल ही में उनकी अपकमिंग फिल्म 'इक्कीस' का ट्रेलर भी रिलीज हुआ था, जिसमें उन्होंने दमदार अभिनय किया है।

# एचटेट के नतीजे घोषित, 14 फीसदी परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण

**3.31 लाख ने दी थी परीक्षा, 47000 को सफलता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने गत 30 व 31 जुलाई को आयोजित करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 के लेवल-1, 2 व 3 का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया हैं, जो बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस बार परीक्षा परिणाम में करीब 14 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं। एचटेट में करीब 3.31 लाख परीक्षार्थी परीक्षा देने बैठे थे, जिन्हें काफी समय से रिजल्ट का इंतजार था। शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में करीब 47 हजार परीक्षार्थी ही सफल हो पाए। परीक्षा के लेवल-1 का परिणाम 16.2, लेवल-2 का परीक्षा परिणाम 16.4 व लेवल-3 का परिणाम 9.6 प्रतिशत रहा। बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने रिजल्ट की घोषणा की। उन्होंने बताया कि परीक्षा के 101 दिन बाद रिजल्ट घोषित किया गया हैं। एचटेट के करीब 3.31 लाख परीक्षार्थियों ने 30-31 जुलाई को एग्जाम दिया था और उन्हें रिजल्ट का इंतजार था। शिक्षा बोर्ड प्रशासन ने एक महीने में परिणाम जारी करने की बात कही थी।

## ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए बायोमैट्रिक लॉक जैसे फीचर्स जोड़े

# नया आधार एप लॉन्च, क्यूआर से शेयर कर सकेंगे जानकारी

**फिजिकल कार्ड की अब जरूरत नहीं**

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार कार्ड का नया मोबाइल एप लॉन्च कर दिया है। इसके जरिए अब आप एक ही फोन में 5 आधार प्रोफाइल स्टोर कर सकते हैं। इसमें आधार की सिर्फ वही जानकारी शेयर करने का ऑप्शन है, जो जरूरी हो। आप यूपीआई में जिस तरह स्कैन कर पेमेंट करते है, उसी तरह आधार डिटेल्स शेयर कर सकते हैं। एप को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए इसमें फेस ऑथेंटिकेशन जैसे फीचर्स जोड़े गए हैं। नया एप पुराने एम आधार एप को रिप्लेस नहीं करता, बल्कि उसके साथ काम करता है। मतलब, कुछ काम के लिए पुराने वाले एप का ही इस्तेमाल करना होगा, कुछ के लिए नया।

### आधार के नए एप के फीचर्स

- **फोन में आधार कैरी करें :** ई-आधार हमेशा साथ रहेगा, पेपर कॉपी की जरूरत नहीं होगी।
- **फेस स्कैन शेयरिंग:** आईडी शेयर करने के लिए फेस स्कैन करना होगा, पिन-ओटीपी की तरह सुरक्षित।
- **सिक्योर लॉगिन :** बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन से एप ओपन होगा।
- **मल्टी लैंग्वेज सपोर्ट :** हिंदी, इंग्लिश सहित कई भाषाओं में अवेलेबल।
- **ऑफलाइन यूज :** इंटरनेट नहीं होने पर भी आधार देख सकेंगे।
- पुराना आधार एप पहले से था, फिर नया क्यों लाया गया?
- पुराना एम आधार और नया आधार एप का मकसद आधार को डिजिटल तरीके से यूज करना है, लेकिन फोकस अलग-अलग है।




- पीडीएफ डाउनलोड या पीवीसी कार्ड के लिए अभी भी एम आधार उपयोग करें।
- वर्चुअल आईडी जेनरेट या कुछ अपडेट्स के लिए यूआईडीएआई पोर्टल या एम आधार ही बेहतर।
- नया एप प्राइवेसी-फर्स्ट है, जहां सिलेक्टिव डिस्क्लोजर से सिर्फ जरूरी इंफो शेयर होती है।

### यूजर्स को यह फायदा मिलेगा

- होटल चेक-इन, सिम एक्टिवेशन या बैंक केवाईसी तेज होगी।
- फैमिली मैनेजमेंट आसान, एक फोन पर सबके डिटेल्स।
- सिलेक्टिव शेयरिंग से पर्सनल डेटा एक्सपोज नहीं होगा।

### 2009 में शुरू हुआ था आधार

- आधार 2009 में शुरू हुआ था। अब 1.3 अरब यानी 130 करोड़ से ज्यादा लोगों के पास आधार हैं। पहले पेपर कार्ड था, फिर एम आधार एप आया। अब डिजिटल इंडिया के तहत फुली डिजिटल एप लाया गया है। सरकार की कोशिश है कि हर सर्विस ऑनलाइन हो जाए।

## खबर संक्षेप

### आईएएस रितु को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋतु को लोकायुक्त सचिव के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में आदेश सोमवार हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी किए गए।

### हाईकोर्ट एडीजीपी प्रकरण पर ने मांगी जांच रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सोमवार को चंडीगढ़ पुलिस से आईपीएस अधिकारी वाई पुरन कुमार की आत्महत्या के मामले में जांच की प्रगति रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने पूछा कि जांच किस चरण में है, अब तक क्या प्रगति हुई है और क्या किसी आरोपित का नाम सामने आया है। अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि घटना को एक माह से अधिक समय हो चुका है, इसलिए पुलिस को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि जांच कहां तक पहुंची है। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ इस मामले में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मृतक अधिकारी की आत्महत्या की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की गई है। वर्तमान में यह जांच चंडीगढ़ पुलिस की विशेष जांच टीम कर रही है।

### आरक्षण आंदोलन मामले में फिर से सुनवाई शुरू

**चंडीगढ़।** करीब नौ साल बाद पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान हुई हिंसा से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई दोबारा शुरू करते हुए राज्य सरकार से बीते छह-सात वर्षों की विस्तृत स्थिति रिपोर्ट मांगी है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह निर्देश तब दिए जब अदालत को बताया गया कि समय बीतने के साथ कई मुद्दे अप्रासंगिक हो चुके हो सकते हैं। सुनवाई के दौरान अमाइकस क्यूरी वरिष्ठ अधिवक्ता अनूपम गुप्ता मौजूद रहे।

# शहीद पवन सिंधु पर प्रदेश को गर्व : कैप्टन अभिमन्यु

■ पूर्व वित्तमंत्री ने खांडाखेड़ी पहुंचकर शहीद के परिजनों को सांत्वना दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने सोमवार को खांडा खेड़ी में शहीद पवन सिंधु के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व वित्तमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश को पवन सिंधु पर हमेशा गर्व रहेगा। उन्होंने देश के लिए जान की परवाह नहीं करते हुए ड्यूटी के दौरान अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस दुः ख की घड़ी में हम परिवार के साथ हैं।

उनकी कमी हमेशा खलेगी। उसमें देश सेवा की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने कहा कि पवन सिंधु जब भी गांव में आते थे तो हमेशा युवाओं को देशभक्ति और बहादुरी के किस्से सुनाकर जागरूक करते थे। साथ ही उन्हें सेना में भर्ती होने के लिए भी प्रेरित करते थे। उन्होंने कहा कि पवन सिंधु 13 राजपूताना राइफल में भर्ती हुए थे और ड्यूटी के दौरान पहाड़ी से गिरने से वह देश के लिए शहीद हो गए थे।





## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले मुख्यमंत्री नायब सैनी



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी दी।

### गुरुग्राम को सुगम यातायात वाला शहर बनाएंगे : सीएम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम को जाम मुक्त और सुगम यातायात वाला शहर बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान सरकार की प्राथमिकता में है और इसके लिए योजनाबद्ध ढंग से कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की 15वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें शहर के विभिन्न विकास कार्यों और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की गई।

## पदयात्रा का तीसरा दिन : फरीदाबाद के सीकरी गांव से शुरू होकर पलवल में प्रवेश कर ठहराव

# बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर बोले- मुसलमानों को गालियां देने वाला कभी हिंदू नहीं हो सकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का सोमवार को प्रदेश में तीसरा चरण शुरू हुआ। यात्रा फरीदाबाद के सीकरी गांव से शुरू हुई जो शाम को पलवल में प्रवेश कर गई। पदयात्रा का सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रात्रि ठहराव होगा। पदयात्रा के दौरान सर्वधर्म समभाव देखने को मिला। पदयात्रा के दौरान सिख समुदाय ने धीरेंद्र शास्त्री को पगड़ी पहनाई। वहीं एक युवक ने धीरेंद्र शास्त्री को टोपी गिफ्ट की, जिस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए उसे आशीर्वाद दिया।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबा से की भेंट



बागेश्वर धाम द्वारा आयोजित सनातन एकता पदयात्रा में रविवार देर शाम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने यात्रा की अगुवाई कर रहे शबागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट की और उनका आत्मीय सानिध्य प्राप्त किया। सोमवार को पदयात्रा के दौरान बाघोला गांव में एक व्यक्ति ने धीरेंद्र शास्त्री के पैर पकड़ लिए। इस पर धीरेंद्र शास्त्री ने व्यक्ति के कंधे पर हाथ रख उन्हें अपने साथ चलाया। पलवल में दुकान का छज्जा गिर गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। लोग छत पर चढ़कर धीरेंद्र शास्त्री की यात्रा देख रहे थे। बाघोला में यात्रा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि मुसलमानों को गालियां देने वाला कभी हिंदू नहीं हो सकता। हिंदू वो है, जो अपने सनातन के लिए तालियां बजवा दे। हमें अपनी बात रखी चाहिए। इस देश में जितने मुसलमान रहते हैं, उनमें ज्यादातर ऐसे हैं जिनके पूर्वज हिंदू हैं। पहले ये लोग हो गए थे। अब समय बढ़िया है। पदयात्रा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यात्रा निकालने का हक सभी को है। अगर मौलाना यात्राओं का मतलब समझते हैं तो वे भी निकालें। उनका यह बयान मौलाना साजिद रशीदी ने बयानबाजी की थी।

### पदयात्रा की सुरक्षा करना शासन-प्रशासन का काम

फरीदाबाद में डॉक्टर के घर आरडीएक्स मिलने की जानकारी पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि ये शासन-प्रशासन का काम है। अगर इसका मकसद यात्रा को नुकसान पहुंचाना था, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हमें इस देश की आर्मी और कानून पर पूरा भरोसा है। यात्रा के तीसरे दिन धीरेंद्र शास्त्री के साथ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ भी पैदल चल रहे हैं। वह उदयपुर के मेवाड़ शाही परिवार के 77वें संरक्षक हैं। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ महाराणा प्रताप के वंशज हैं। बागेश्वर बाबा की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में देश के अलग-अलग जगहों से भारी संख्या में लोग जुड़ते नजर आ रहे हैं. धार्मिक, खेल और सामाजिक जगत से कई प्रसिद्ध हस्तियों ने भी इस यात्रा में भागीदारी की। 7 नवंबर को शुरू हुई बागेश्वर बाबा की यह पदयात्रा छतरपुर के कात्यायनी शक्ति पीठ से लेकर वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचेगी।

## मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में परिवेदना समिति की बैठक में लोगों की समस्याएं सुनीं



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम प्रदेश का सबसे तेज़ी से विकसित होता शहर है, इसलिए यहां नागरिक सुविधाओं के संचालन में किसी भी स्तर की ढिलाई या कोताही को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में पानी, सीवर और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की वर्तमान स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि गुरुग्राम में बसने वाला हर नागरिक तय समयावधि में उच्च स्तरीय मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्राप्त करे। बैठक में कुल 17 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 15 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 2 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान शहर में सक्रिय टैंकर माफिया पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप

### पांच किसानों ने जलाए फसल अवशेष, केस दर्ज

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग जगह पराली जलाने पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए हैं। गांव खरल निवासी बलराज ने भी फसल अवशेषों को जला पर्यावरण को प्रदूषित किया। गांव शामदो निवासी सुखबीर ने गत आठ नवंबर को गांव शामदो में अपनी आठ कनाल फसल के अवशेष जलाकर पर्यावरण को प्रदूषित किया। नगूरां निवासी सोनू ने नगूरां में फसल के अवशेष जलाकर पर्यावरण को प्रदूषित किया व सरकारी आदेशों की अवहेलना की है।

### अमेरिका में हार्ट अटैक से करनाल के युवक की मौत

**करनाल।** करसाल के चौकसरा गांव का एक युवक अमेरिका में हार्ट अटैक से असमय मौत का शिकार हो गया।



युवक पिछले वर्ष अपने बेहतर भविष्य के लिए अमेरिका गया था और वहीं ग्रीन कार्ड होल्डर बनकर कार्य कर रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

**मौसम की मार :** वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक श्रेणी में पहुंचा

# पंजाब से आ रहे धुएं ने किया हाल बेहाल, सांस लेना दूभर

### स्मॉग के कारण आंखों में जलन, सांस लेने में हो रही दिक्कत, मरीजों की ओपीडी बढ़ी





**फतेहाबाद।** पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में जलती पराली।

**सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद**

मौसम के करवट लेते ही किसानों द्वारा पराली जलाने का सिलसिला तेज हो गया है। यही कारण है कि सोमवार को यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक श्रेणी में पहुंचकर 300 को क्रॉस कर गया। सोमवार को सुबह सूर्य उदय हुआ तो उसकी रोशनी की जगह वातावरण में स्मॉग फैला हुआ था। धुएं ने सारा वातावरण प्रदूषित कर रखा था। यह धुंआ पंजाब के क्षेत्र में किसानों द्वारा जलाई गई पराली का है, जिस कारण हरियाणा में भयावह हालात बने हुए हैं। बीते वर्ष फतेहाबाद जिले में पराली जलाने के 130 मामले सामने आए थे इस साल अब तक मात्र 59 ही फायर लोकेशन मिली है।

#### एयर क्वालिटी इंडेक्स के मानक

0-50 के बीच बेहतर 51-100 के बीच संतोषजनक 101 से 200 के बीच सामान्य 201 से 300 के बीच खराब 301 से 400 के बीच बहुत खराब 401 से 500 के बीच गंभीर

#### स्मॉग से होने वाली दिक्कतें

- खांसी, श्वास लेने में तकलीफ।
- आंखों में जलन।
- सीने में दर्द की शिकायत।
- त्वचा संबंधी बीमारियां।
- नाक, कान, गला, फेफड़ों में इंफेक्शन।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है

#### ऐसे करें अपना बचाव

- प्रदूषित वातावरण में योग-व्यायाम न करें।
- घर में एयर प्यूरीफायर लगवाएं।
- दिन में तकरीबन 4-5 लीटर पानी पिएं।

#### 59 जगहों पर पराली जलती दिखी

सोमवार तक हरसेक ने सेटेलाइट के माध्यम से फतेहाबाद के 59 ऐसी लोकेशन कृषि विभाग को भेजी जहां पर पराली जलाई गई थी। इसमें कृषि विभाग ने इन किसानों पर करीब 95 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। दरअसल हरसेक ने सैटेलाइट से 59 आगजनी की लोकेशन कृषि विभाग को भेजी थी। वायु गुणवत्ता सूचकांक यानि एक्यूआई 330 तक पहुंच गया। पराली जलाने पर कृषि विभाग द्वारा आज भी 17 एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

#### मार्निंग वॉक बंद कर दें

अब हालात यह है कि सुबह उठो तो आसमान में स्मॉग व धुंए के कारण सांस लेना भी मुश्किल होता जा रहा है। सुबह सैर करने वालों के लिए यह वार्निंग है कि अब उन्हें मार्निंग वॉक बंद करनी पड़ेगी, नहीं तो फायदे की जगह नुकसानदायक साबित हो सकता है। खासकर हार्ट, दमा, टीबी, किडनी के मरीजों को अपना अधिक ध्यान रखना होगा। ऐसे मौसम में उच्च रक्तचाप, मधुमेह के रोगियों को हार्ट-ब्रेन अटैक का खतरा रहता है।

#### मरीजों को रहना होगा सतर्क

स्मॉग शब्द स्माक व फाग से मिल कर बना है। कूड़े व पराली को जलाने से निकलने वाली खतरनाक गैस और धुआं जब वातावरण की नमी (कोहरा) से मिलती हैं तो स्मॉग बन जाता है। यह जहरीला मिश्रण श्वास के जरिए आंखों-फेफड़ों तक पहुंचता है और मनुष्य को शरीर को नुकसान पहुंचाता है। गर्भवती महिलाओं के लिए स्मॉग बेहद घातक है। -**डॉ. अंशुल सहगल** सद्भावना अस्पताल फतेहाबाद

**जगाधरी: मिल्क माजरा टोल प्लाजा के पास हादसा**

## स्कूल बस ने कार को मारी टक्कर व्यक्ति की मौत, पत्नी-बेटा घायल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जगाधरी अंबाला रोड पर मिल्क माजरा टोल प्लाजा के पास स्कूल बस की टक्कर लगने से कार सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि मृतक की पत्नी व बेटा घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। द्वारकापुरी कॉलोनी जगाधरी निवासी हरदीप कौर ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति 60 वर्षीय सरदार सिंह तथा बेटे के साथ कार में सवार होकर अपनी लड़की के घर गांव लवाना में जा रहे थे। जब वह मिल्क माजरा टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही स्कूल बस में उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह, उसका पति तथा बेटा घायल हो गए।

## 2.75 करोड़ की हेरोइन सहित तस्कर पम्मा काबू

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन जीवन ज्योति' के तहत सीआईए टोहाना पुलिस टीम ने एक कुख्यात नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 566 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग पौने तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। पकड़े गए तस्कर की पहचान परमजीत सिंह उर्फ पम्मा उर्फ पवन कुमार पुत्र सोहन लाल निवासी गांव शेर सिंह वाला, जिला फरीदकोट, पंजाब के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह हरियाणा और पंजाब के कई जिलों में हेरोइन सप्लाई करने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर सप्लाई चेन और नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाएगी।

**वैन में लगी आग**



**कर्मचारियों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला**

## कैश वैन में आग, 50 लाख की नकदी सुरक्षित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

शहर के सोनीपत गोहाना रोड पर सोमवार को बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब पीएनबी बैंक से कैश ले जाने वाली एक गाड़ी अचानक आग का गोला बन गई। गाड़ी में सवार चार कर्मचारी और चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई और गाड़ी में रखी करीब 50 लाख रुपये की नकदी को सुरक्षित निकाल लिया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। यह गाड़ी चेस्टा कंपनी की थी, जिसे पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की विभिन्न शाखाओं और एटीएम में नकदी डालने का ठेका मिला हुआ है। सोमवार को गाड़ी गोहाना की तरफ से नकदी वितरित कर मुख्य शाखा सोनीपत लौट रही थी। इसी दौरान पुलिस लाइन के सामने अचानक गाड़ी के इंजन से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी में सवार कर्मचारियों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए वाहन से बाहर निकलकर नकदी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

#### 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

वैन चालक खुद गाड़ी चाल रहा था। वहीं दो सिक्योरिटी गार्ड, एक लोडर और एक डिप्टी मैनेजर गाड़ी में मौजूद थे। धुआं उठाता देखकर वैन से कूदकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## दिन दहाड़े गाड़ियों के शीशे तोड़कर पर्स व बैग निकाले

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

शहर की सड़कों पर गाड़ियां सुरक्षित नहीं हैं। अब सोमवार को दिन-दहाड़े यहां दो गाड़ियों के शीशे तोड़कर रुपये, लेपटॉप निकालने का मामला सामने आया है। सिटी थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात रोहतक-दिल्ली रोड पर एक्सिस बैंक व यस बैंक के निकट हुई है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के इसापुर का निवासी संजय सोमवार की दोपहर को यहां एक्सिस बैंक के निकट स्थित एक आफिस में आया था। उसने अपनी गाड़ी बाहर सड़क किनारे खड़ी कर दी। करीब 15 मिनट बाद आफिस से बाहर निकला तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था। देखा तो उसके अंदर से बैग गायब था। बैग में लेपटॉप व अन्य जरूरी दस्तावेज थे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। यहां से कुछ ही मीटर की दूरी पर स्थित यस बैंक के पास से भी एक महिला की गाड़ी का शीशा तोड़कर पर्स चुराने की बात सामने आई है।



**बहादुरगढ़।** वारदात के बाद अपनी कार को देखता संजय।

**भूना थाने से 20 फीट की दूरी पर वारदात**

## सोने के गहने देने से मना करने पर बेटे ने कर दी फायरिंग

***बंदूक की नली का रुख बदलने से गोली अलमारी में जा लगी***

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना**

पुलिस थाना से महज 20 फीट की दूरी पर सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट सिमरनजीत सिंह ने 74 वर्षीय पिता पर जान से मारने की नीयत से लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। एडवोकेट सिमरनजीत सिंह ने पिता सरदार जोगिंदर सिंह से सोने के आभूषण मांगे थे। पिता ने जब देने से इनकार किया तो वह गुस्से में आगबबूला हो गया और घर में रखी 32 बोर की लाइसेंसी बंदूक उठा लाई। आरोप है कि उसने पिता पर फायर झोंक दिया, लेकिन उसी वक्त जोगिंदर सिंह ने बंदूक की नली का रुख बदल दिया, जिससे गोली सीधी दीवार की अलमारी में जा लगी। गोली की आवाज सुनते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय घर में मौजूद एडवोकेट की मां संतोष कौर ने डर के मारे घर से बाहर जाकर लोगों को बचाव लिए सूचना दी।









# दूसरे चरण में 3.7 करोड़ मतदाता 122 सीटों पर करेंगे 1,302 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

**बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में हो रहे चुनाव, 14 नंबवर को नतीजे आएंगे**

**पहले फेज में 2 डिप्टी सीएम समेत 18 मंत्रियों और अंतिम चरण में नीतीश मंत्रिमंडल के आधा दर्जन से अधिक मंत्रियों की भी साख दांव पर लगी**

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पटना, 10 नवंबर (भाषा) बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को 3.70 करोड़ मतदाता 122 सीटों पर 1,302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के आधा दर्जन से अधिक मंत्री भी शामिल हैं। दूसरे चरण में जिन जिलों में मतदान होना है, उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज शामिल हैं, ये सभी नेपाल की सीमा से सटे हुए जिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के मद्देनज़र पूरे राज्य में सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं और चार लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी चुनाव ड्यूटी में तैनात किए गए हैं। हर केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। बिहार में दूसरे चरण के मतदान से पहले बिहार-यूपी सीमा को सील कर दिया गया है। इसका उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाना है।

**पूरे राज्य में सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम *चार लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी चुनाव ड्यूटी में तैनात***

अधिकतर जिले सीमांचल क्षेत्र में आते हैं, जहां मुस्लिम आबादी का घनत्व अधिक है। ऐसे में यह चरण सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। एक ओर महागठबंधन अल्पसंख्यक समुदाय के समर्थन पर भरोसा कर रहा है, वहीं राजग विपक्ष पर "घुसपैठियों की रक्षा" का आरोप लगा रहा है।

## पहले चरण में 121 सीटों पर 65 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था, जिसे राज्य का अब तक का सबसे अधिक मतदान बताया गया



पटना। मतदान केंद्रों की ओर रवाना होते चुनाव अधिकारी और सुरक्षा में तैनात जवान।

### दिल्ली में विस्फोट के बाद पूरे बिहार में अलर्ट

पटना (भाषा) दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार को हुए विस्फोट के बाद बिहार पुलिस ने पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने जानकारी दी। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे संवेदनशील इलाकों, मतदान केंद्रों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा कड़ी करें।

**भाजपा ने किया पलटवार और शिकयत भी दर्ज कराई**

### तेजस्वी ने मतदान से पहले लगाए गंभीर आरोप, पूछा-झारखंड पुलिस क्यों नहीं बुलाई

पटना(एजेंसी)। पटना के पोलो रोड में दूसरे चरण के मतदान से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उनके साथ सांसद मीसा भारती भी मौजूद रहीं। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनाव में भाजपा शासित प्रदेशों से ही सुरक्षा बल क्यों बुलाई गई। 208 कंपनियां भाजपा शासित राज्य की लगाई गई हैं। 68% पुलिस ऑबजर्वर भाजपा शासित राज्यों से हैं। तेजस्वी ने सवाल पूछा कि बंगाल तमिलनाडु झारखंड की पुलिस क्यों नहीं मंगवाई गई। तेजस्वी यादव ने कहा कि, हम लोग विकास की बात कर रहे हैं। पीएम कट्टे की। पता नहीं वो कौन सा वेब सीरीज देख रहे हैं। पीएम ने आपराधिक छवि के लोगों के साथ मंच साझा किया। सृजन घोटाले के मुख्य आरोपी विपिन शर्मा से एयरपोर्ट पर मिले और पीठ थपथपाई। प्रधानमंत्री ने अनंत सिंह, हुलास पांडेय जैसे बाहुबलियों के लिए भी प्रचार किया। वहीं भाजपा ने इस मामले में तेजस्वी के आरोपों को मनगढ़ते बताते हुए निर्वाचन आयोग से शिकायत की है।

### सीमांचल की 24 सीटें तय करेगी बिहार की नई सरकार



बिहार चुनाव के दूसरे चरण में आज सीमांचल की 24 सीटों पर भी वोटिंग होगी। जहां चौतरफा टक्कर है। एनडीए, महागठबंधन, ओवैसी की एआईएमआईएम के अलावा प्रशांत किशोर की जन सुराज भी है। इन सीटों पर मुस्लिम वोटर बड़ी भूमिका निभाएंगे। माना जा रहा है, सीमांचल की 24 सीटें बिहार की नई सरकार तय करेगी। इस बार सियासी समीकरण बदले हुए हैं। प्रशांत की जन सुराज की एंट्री से यहां मुकाबला चौतरफा हो गया है। एक तरफ एनडीए है, दूसरी तरफ महागठबंधन है। ओवैसी की पार्टी भी सीमांचल की 15 सीटों पर लड़ रही है। वहीं जन सुराज सभी सीटों पर चुनावी मैदान में है। 2020 के चुनाव में सीमांचल की 24 सीटों में एनडीए को 12, महागठबंधन को 7, और एआईएमआईएम को 5 सीटें मिली थीं। लेकिन बाद में एआईएमआईएम के 4 विधायक राजद में शामिल हो गए थे। सीमांचल की 24 सीटों का गणित पूर्णिया व कटिहार की 7-7 अररिया की 6 और किशनगंज की 4 सीटों पर टिका है।

### सिब्बल ने 'कई ट्रेन से भाजपा कार्यकर्ताओं को बिहार ले जाए जाने' के दावे को दोहराया



नई दिल्ली (भाषा)। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सोमवार को 6,000 लोगो को ले जाने के लिए तीन नवंबर को हरियाणा से बिहार के लिए चलाई गई चार विशेष ट्रेन को लेकर रेल मंत्रालय पर सवाल उठाए। सिब्बल ने कहा कि उनके स्पष्टीकरण ने उनकी पोल खोल दी है और दावा किया कि ये ट्रेन 'भाजपा कार्यकर्ताओं से भरी' थीं। सिब्बल के नए दावों पर रेलवे की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि, रविवार को मंत्रालय ने स्पष्ट किया था कि वह इस त्योहारी सीजन में 12,000 विशेष ट्रेन चला रहा है - जिनमें 10,700 अनुसूचित हैं और लगभग 2,000 अनिर्धारित हैं।

### बिहार में जीत पर भाजपा आश्वस्त, जंगल सफारी को लेकर राहुल गांधी पर तंज कसा



नई दिल्ली (भाषा)। भाजपा ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 'निर्णायक और ऐतिहासिक' जीत का भरोसा जताया। इसके साथ ही भाजपा ने मध्यप्रदेश के सतपुड़ा बाघ अभयारण्य में जंगल सफारी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और उन्हें अपने 'राजनीतिक पर्यटन' का आनंद लेने की सलाह दी। यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने तेजस्वी यादव की भी आलोचना की और उनकी ओर से निर्वाचन आयोग पर लगाए गए आरोपों को 'झूठा' बताया।

**बंगाल की मुख्यमंत्री ममता आर-पार के मूड में**

## एसआईआर 'वोटबंदी' की प्रक्रिया, यह तत्काल बंद हो

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने को 'वोटबंदी' करार दिया और आयोग से यह प्रक्रिया तत्काल रोकने की मांग की।

बनर्जी ने यह भी कहा कि वह चुनाव से ठीक पहले एसआईआर कराने की "जल्दबाजी" को समझ नहीं पा रही हैं। उन्होंने सिलीगुड़ी में संवाददाताओं से कहा, "भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एसआईआर के नाम पर लोगों को परेशान कर रही है। जैसे कुछ मुद्राओं को चलन से बाहर करना 'नोटबंदी' थी, वैसे ही एसआईआर 'वोटबंदी' है। यह 'सुपर इमरजेंसी' का ही एक और रूप है।' मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, 'चुनाव से ठीक पहले एसआईआर कराने की इतनी जल्दी मुझे समझ नहीं आ रही।

निर्वाचन आयोग को यह प्रक्रिया तुरंत बंद करनी चाहिए। मतदाता सूची का पुनरीक्षण दो या तीन महीने में पूरा नहीं हो सकता। इसे जबरन अंजाम दिया जा रहा है।"

**अलगाववादी शाह पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

## 'जम्मू कश्मीर में पथराव कोई साधारण घटना नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाजी की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पथराव कोई साधारण घटना नहीं है।

कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को अपनी नज़रबंदी का आदेश प्राप्त करने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार से संपर्क करने को कहा। शब्बीर शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने तर्क दिया कि शब्बीर शाह 39 साल से एक ही आरोप में जेल में हैं। उनपर भाषण देने और उसके बाद पथराव करने के आरोप हैं। इसके बाद जस्टिस ने कहा, 'इस राज्य में पथराव कोई सामान्य घटना नहीं है।'

**नए तथ्यों की ओर इशारा :** सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा नए तथ्यों की ओर इशारा करने और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी नेटवर्कों से शब्बीर शाह के संबंधों पर जोर देने के बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप नाथ की पीठ ने एनआईए को शब्बीर शाह के नए हलफनामे पर जवाब देने के लिए तीन हफ़्ते का समय दिया। गोंजाल्विस ने दलील दी कि उनके परिवार को नजरबंदी का आदेश नहीं दिया गया था और वह 1970 से पारित कई नजरबंदी आदेशों की मांग कर रहे हैं। तुषार मेहता ने इस दलील का विरोध किया और कहा कि यह मुद्दा दिल्ली हाई कोर्ट के सामने नहीं उठाया गया था।

**राज्य में 5.15 करोड़ से ज्यादा फॉर्म बंटे**

## एसआईआर के खिलाफ बंगाल कांग्रेस भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

**»** ***कोर्ट अभी बिहार एसआईआर मामले की सुनवाई कर रही***

बिहार के बाद 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू वोटर लिस्ट का रिवीजन एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासत गरमा गई है। अब कांग्रेस की बंगाल यूनिट ने सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर के खिलाफ याचिका लगाई है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में यह मामला उठाया गया जो बिहार एसआईआर मामले की सुनवाई कर रहे हैं।

सुको 11 नवंबर को तमिलनाडु सरकार की एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा। इधर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी ) ने दावा किया है कि 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। टीएमसी ने कहा कि एसआईआर के डर से कुछ ने आत्महत्या की, तो कुछ की मौत हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक से हुई। भाजपा ने इसे 'राजनीतिक प्रचार' करार दिया है।

टीएमसी जनता को गुमराह कर रही है। बंगाल में विरोध के बावजूद 80,000 से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारी एसआरएस के फॉर्म बांट रहे हैं। 9 नवंबर रात 8 बजे तक 5 5.15 करोड़ से ज्यादा एसआईआर फॉर्म बांट दिए हैं।



## चिंतन

# आतंकवाद के आकाओं को सहन नहीं कश्मीर की शांति

विदेशी धरा पर बैठे आतंकियों के आकाओं से कश्मीर की शांति सहन नहीं हो पा रही। वे रह-रहकर ऐसे प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से एक बार फिर घाटी को आतंकवाद के गर्त में धकेला जा सके। जम्मू-कश्मीर में अक्टूबर 25 वर्षों में सबसे शांतिपूर्ण और 2025 का अब तक का सबसे शांत महीना रहा। इस महीने में केवल दो लोगों की हत्या की सूचना मिली। ये दोनों भी आतंकवादी थे। उनको सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पार घुसपैठ की कोशिश के दौरान मार गिराया। पूरे महीने में किसी भी नागरिक या सुरक्षा बल के हताहत होने की खबर नहीं आई। यह 2000 के बाद से सबसे शांतिपूर्ण माह रहा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू और कश्मीर शांति की राह पर हैं। कश्मीर घाटी के चारों ओर तरक्की की बातें हो रही हैं। कभी पाकिस्तान का राग अलापने वाले आज आतंकवाद विरोधी दिख रहे हैं। यहां का युवा पत्थरबाजी-प्रदर्शन को छोड़ अब अमन से बैठ गया है। वह धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर के लिए विकास चाहता है और उन्हें पता है कि देश विरोधी लोग उन्हें इस्तेमाल करते थे, जो अब नहीं होगा। कश्मीरी युवा भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहता है। यहां की आबोहवा अब बदल चुकी है। पूरे जम्मू कश्मीर में आतंक के गढ़ रहे इलाकों से सरहद तक अमन की बयार बह रही है। गांवों-शहरों में सरकारी इमारतों से लेकर सरहद तक हर ओर तिरंगा लहरा रहा है, यहां तक कि लाल चौक पर भी तिरंगा देखने को मिलता है। आतंकवाद को दरकिनार कर युवा पीढ़ी काम-धंधे में जुटने लगी है। पिछले दिनों सेना में भर्ती होने के लिए कश्मीर और जम्मू में बड़ी-बड़ी कतारें देखी गईं। कश्मीर में बच्चे सड़कों में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। आतंक की वजह से पीर पंजाल की सेवन लेक्स पर भी लोगों की आवाजाही कम हो गई थी, अब लोग जा रहे हैं। आतंकियों के आकाओं से यही सहन नहीं हो पा रहा। घाटी में कड़ी सुरक्षा है तो वे अब घाटी से बाहर आतंकवाद का साजो सामान जुटाने की फिराक में हैं ताकि किसी भी समय कश्मीर को फिर से आग की लपटों में धकेला जा सके, लेकिन हमारे सुरक्षा बल उनके हर प्रयास को विफल कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद में एक डॉक्टर के घर से 360 किलो विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। इसके साथ ही असॉल्ट राइफल और कारतूस भी मिले हैं। गिरफ्तार डॉक्टर का नाम मुजम्मिल शकील है। यह फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। पुलिस ने लखनऊ से भी एक महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया गया है। शाहीन डॉक्टर मुजम्मिल शकील की महिला मित्र है। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। शाहीन की कार से ही एके-47 राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई। जम्मू कश्मीर पुलिस ने अब तक कुल 2900 किलो बम बनाने की सामग्री बरामद की है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा हुआ था, जो घाटी में दहशतगर्दी फैलाने की फिराक में थे। सुरक्षा बलों ने यह बेहतरीन काम किया है, लेकिन जरूरत है कि उन लोगों का पक्का इलाज किया जाए, जो दूर रहकर आतंक को हवा देने की कोशिशों में जुटे हैं। तभी कश्मीर में स्थायी शांति कायम हो पाएगी।

# शटडाउन: अमेरिकी व्यवस्था की कमज़ोरी



आर्थिकी
डॉ. अश्विनी महाजन

एक अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है।

जबकि दुनिया इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए अनुचित और बहुपक्षीय व्यापार नियमों के विरुद्ध टैरिफ पर चर्चा कर रही है, एक महत्वपूर्ण विषय जिस पर अभी तक विस्तृत चर्चा नहीं हुई है, वह है अमेरिकी सरकार का शटडाउन, जो 1 अक्टूबर, 2025 से चल रहा है और 4 नवंबर को, इस शटडाउन ने पिछले ट्रंप प्रशासन के दौरान 2018 के पिछले 35 दिनों के शटडाउन को पीछे छोड़ते हुए एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। इससे पहले सबसे लंबा शटडाउन 2018-19 में हुआ था, जो पिछले ट्रंप के कार्यकाल में 35 दिनों तक चला था, हालांकि यह पूर्ण सरकारी शटडाउन नहीं था। ज़रा सोचिए, अगर ऐसा भारत में होता, जहां सभी सरकारी प्रतिष्ठान बंद हो जाते और सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता, तो दुनिया भर में, खासकर अमेरिका में, भारतीय संविधान और व्यवस्था की आलोचना करते हुए ढेरों लेख लिखे जाते। फिर भी, अमेरिका में हुई इतनी बड़ी घटना की भी बहुत कम रिपोर्टिंग हो रही है। अमेरिका में दो प्रमुख पार्टियां हैं रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी। गौरतलब है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से हैं। रिपब्लिकन द्वारा संचालित सदन ने तुरंत एक वित्त पोषण विधेयक पारित किया, लेकिन सीनेट में इसे समर्थन नहीं मिला। डेमोक्रेटिक पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी (खासकर अफोर्डेबल केयर एक्ट से संबंधित) बजट में शामिल नहीं हैं। इसके अलावा, कांग्रेस ने शिकायत की है कि राष्ट्रपति प्रशासन बजट प्रक्रिया में कांग्रेस की शक्तियों का अतिक्रमण कर रहा है। कांग्रेस को डर है कि बिना शर्त बजट अनुमोदन कांग्रेस की शक्तियों का हनन होगा। शटडाउन ने न केवल सरकारी कामकाज को ठप कर दिया है, बल्कि 4 करोड़ से ज़्यादा लोगों के लिए खाद्य सहायता, खासकर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (स्नैप) के बंद होने का भी खतरा पैदा कर दिया है। कुछ विभागों ने सैन्य कर्मियों को वेतन सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र से भी धन जुटाया है। हालांकि, डेमोक्रेट अड़े नहीं हैं; उन्होंने अपनी मांग को घटाकर केवल 20 अरब डॉलर कर दिया है, जो उनकी पिछली मांग से काफ़ी कम है, फिर भी समाधान दूर की कौड़ी है। मौजूदा मामले में, संघर्ष सिर्फ़ पार्टियों के बीच का नहीं है; सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी मतभेद हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में 3 नवंबर, 2026 को बड़े पैमाने पर चुनाव होने वाले हैं। इन मध्यावधि चुनावों में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और अमेरिकी सीनेट की 100 में से 35 सीटों के लिए चुनाव होंगे, जिससे 120वीं संयुक्त राज्य कांग्रेस का गठन होगा। 29 राज्य और क्षेत्रीय गवर्नर चुनाव, साथ ही कई राज्य और स्थानीय चुनाव भी लड़े जाएंगे। अमेरिका में आगामी मध्यावधि चुनाव वास्तव में सरकारी बंद के त्वरित या स्थायी समाधान में बाधा बन रहे हैं। राष्ट्रीय हित



पर आम सहमति से ज़्यादा राजनीतिक गुणा-भाग महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में लगातार जारी बंद केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि अमेरिकी आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था की गहरी संरचनात्मक और वैचारिक कमज़ोरियों का लक्षण है। इतना लंबा शटडाउन अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था की प्रतिस्पर्धी हितों, खासकर राजकोषीय विवेक और राजनीतिक लोकलुभावनवाद के बीच सामंजस्य बिठाने में असमर्थता को दर्शाता है। बजट को मंजूरी देने या ऋण सीमा बढ़ाने में विफलता (जैसा कि हमने पहले भी देखा है) एक खंडित लोकतंत्र को दर्शाती है जो निहित स्वार्थों के हाथों बंधक बना हुआ है, जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर भारी पड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं की ऋण और घाटे के वित्तपोषण पर असंतुलित निर्भरता से हमें कोई राहत नहीं मिली है। इस शटडाउन ने उजागर किया है कि कैसे अमेरिकी आर्थिक मॉडल लगातार उधार लेने का आदी हो गया है और राजनीतिक नेता राजकोषीय अनुशासनहीनता के परिणामों का सामना करने को तैयार नहीं हैं। अमेरिकी नीति निर्माताओं के दोहरे मापदंड पूरी तरह से उजागर हो गए हैं, क्योंकि अमेरिका आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं के माध्यम से विकासशील देशों को राजकोषीय जिम्मेदारी का उपदेश देता है, लेकिन घरेलू स्तर पर इसका पालन करने में बुरी तरह विफल रहता है।

हम देखते हैं कि वैश्विक आर्थिक असंतुलन एक तरह से अमेरिकी डॉलर के आधिपत्य से जुड़े हैं। हम समझते हैं कि शटडाउन और बार-बार ऋण सीमा संकट अमेरिकी वित्तीय प्रणाली में वैश्विक विश्वास को कमज़ोर कर रहे हैं। यह दुनिया में डॉलर-विमुद्रीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है और भारत में अस्थिर पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर वित्तीय तंत्र बनाने के विश्वास को मज़बूत कर रहा है। कोई भी आसानी से समझ सकता है कि शटडाउन एक व्यक्तिवादी और उपभोग-आधारित आर्थिक व्यवस्था का परिणाम है जो लोगों की तुलना में बाज़ारों को प्राथमिकता देती है। आम अमेरिकी नागरिकों-बिना वेतन वाले सरकारी कर्मचारी, सेवाओं में देरी और सामाजिक असुरक्षा स्पष्ट रूप से इस नव उदारवाद की विफलता का संकेतक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण इस शटडाउन का प्रभाव केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहता, अपितु पूरे विश्व तक पहुंचता है। अंतरराष्ट्रीय निवेशक अमरीकी स्थिति देखकर चिंतित हो जाते हैं। डॉलर की स्थिरता पर प्रश्न खड़े होने लगते हैं और विदेशी निवेशक अपने धन सुरक्षित रखने के लिए अन्य विकल्प खोजने लगते हैं। हालांकि सामान्य रूप से पश्चिमी मीडिया और विशेष रूप से अमेरिका भारतीय संस्थानों को कमज़ोर दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ता, शटडाउन उस कहानी को ध्वस्त कर रहा है, क्योंकि हम देख रहे हैं कि पश्चिमी आर्थिक प्रणाली की तुलना में भारत में कहीं बेहतर संस्थागत स्थिरता को है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद, भारत को कभी भी इस तरह के शटडाउन का सामना नहीं करना पड़ा है क्योंकि बजट अनुमोदन को राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी माना जाता है, न कि राजनीतिक सौदेबाज़ी। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है। जब पश्चिम अपने विरोधाभासों के बोझ तले लड़खड़ाता है, तो भारत को अपने मूल्यों के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए, न कि उनके उधार लिए गए मॉडलों के आधार पर।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि है, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

विवेक शुक्ला



# प्रतिभाओं के पारखी थे मौलाना आजाद

मौलाना अबुल कलाम को आज उनकी राजधानी में जामा मस्जिद के पास स्थित मजार पर श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ लोग पहुंचेंगे। इनकी संख्या बीसेक ही रहती है। ये मोटे तौर पर वही लोग होते हैं, जो हर बरस उनकी जयंती (11 नवंबर) और पुण्यतिथि (22 फरवरी) पर वक्त निकाल कर आते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि मौलाना आजाद की मजार पर सामान्य दिनों में तो कोई भी नहीं आता। तो कहा जा सकता है कि भारत के पहले शिक्षा मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी,हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के प्रति देशका किस तरह का ठंडा रवैया है। कुछ साल पहले तक राष्ट्रपति और दिल्ली के उप राज्यपाल की ओर से मजार पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाते थे, मगर वह रिवायत अब टूट चुकी है। अगर आप राजधानी में जनपथ से मौलाना आजाद रोड की तरफ बढ़ते हैं, तो आपको सड़क के शुरू में ही बायीं तरफ विज्ञान भवन मिलता है। इस सड़क की पहचान इसलिए होती है, क्योंकि इधर विज्ञान भवन और लंबे समय तक रहा देश के उप राष्ट्रपति का आवास रहा है। कुछ समय पहले यहां से उपराष्ट्रपति आवास शिफ्ट हो चुका है। ये सड़क किंग एडवर्ड रोड से मौलाना आजाद रोड इसलिए हो गई थी, क्योंकि इसी सड़क के 4 नंबर के बंगले में मौलाना आजाद 1947 से 22 फरवरी 1958 को अपनी मृत्यु तक रहे थे। दरअसल जिधर विज्ञान भवन की एनेक्सी है वहां पर ही था मौलाना आजाद का सरकारी बंगला। दूसरे हिस्से में



विज्ञान भवन बना। कौन रहता था मौलाना के साथ जब मौलाना आजाद 4 नंबर एडवर्ड रोड में रहते थे तब उनके साथ उनका एक भतीजा नुरूदीन अहमद, जिसे वे अपना पुत्र ही मानते थे, और कुछ अन्य रिश्तेदार भी रहते थे। मौलाना आजाद कोलकाता से सन 1920 के आसपास दिल्ली आ गए थे, जब महात्मा गांधी और पंडित नेहरू ने उन्हें भारत के स्वाधीनता संग्राम को सशक्त बनाने के लिए यहां रहने के लिए आमंत्रित किया। तब मौलाना आज़ाद के पास रहने को जगह और देने को किराया नहीं था। फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्हें दिल्ली में रहने के लिए एक घर 'हमदर्द दवाखाना' के हकीम अब्दुल मजीद ने दरियागंज में दिया था। मौलाना आजाद का घर देखते-देखते दिल्ली के दानिशमंदों,लेखकों और नौजवानों का पसंदीदा स्थान बन गया।

मौलाना आज़ाद के घर में किताबों का अंबार था। मौलाना आजाद अपने दोस्तों को भी किताबें भेंट किया करते थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश के शिक्षा मंत्री के रूप में कई प्रतिभाओं को पहचाना और तराशा। उनमें डॉ. कपिला वात्स्यायन भी थीं। भारत के सामने 1947 के बाद अपनी सांस्कृतिक विरासत को उसका सही स्थान देने की चुनौती थी। उस दौर में मौलाना आजाद ने कपिला वात्स्यायन को अपने साथ जोड़ा। यह बात 1956 की है। मौलाना आजाद ने देश में संग्रहालयों को लेकर व्यापक नीति बनाने के लिए बैठक बुलाई। उसमें, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि ब्रिटिश काल के दौरान देश की बहुत सी बहुमूल्य धरोहरें देश से बाहर चली गईं। उन्हें वापस लाने के प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही नए संग्रहालयों के निर्माण पर फोकस रखना होगा। मौलाना आजाद के विभाग से जुड़े कई आला अफसर, जिनमें कपिला वात्स्यायन भी थीं, का 4 किंग एडवर्ड रोड में आना-जाना लगा रहता था। मौलाना आजाद देश के टूटने से बुरी तरह से हिल गए थे। मौलाना आजाद कहते थे कि अगर मुसलमानों के लिए अलग मुल्क बनाना सही है तो यहुदियों के लिए अलग मुल्क बनाना गलत कैसे है। इस संवाद को जब-जब मशहूर एक्टर टॉम आल्टर ने डॉ.एम. सईद आलम द्वारा लिखित और निर्देशित एकल नाटक मौलाना आजाद में बोला तो उन्हें दर्शकों की भरपूर तालियां मिलीं।

मौलाना आजाद के भतीजे फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्होंने 23 अक्तूबर, 1947 को मुसलमानों का आह्वान किया था कि वे पाकिस्तान जाने का इरादा छोड़ दें। वे भारत में ही रहें। उन्हें किसी बात की फिक्र करने की कोई वजह नहीं है। भारत उनका है। मौलाना आजाद की तकरीर के बाद सैकड़ों मुसलमानों ने पाकिस्तान जाने के अपने इरादे को छोड़ दिया था। बहरहाल, मौलाना आजाद की विरासत को जीवित रखने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

# राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची। साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहां एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मिलावटी चीजों से सावधान रहें**

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट इस कारण नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- प्रवीण शुक्ला, धमतरी*

## करंट अफेयर

# पाक के पंजाब में शेरशाह सूरी युग की सराय मिली



पाकिस्तान में पंजाब सरकार के पुरातत्व विभाग ने लाहौर से लगभग 220 किलोमीटर दूर हड़प्पा के खंडहरों के पास शेरशाह सूरी के युग की, 16वीं सदी की सराय (विश्राम स्थल) को खोजा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह सराय मुख्य शेर शाह सूरी मार्ग के दक्षिणी हिस्से पर स्थित है। यह शेर शाह सूरी (1540-1545) के समय डाक काफिलों के लिए विश्राम स्थल था। शेर शाह सूरी एक अफगान शासक थे जिन्होंने मुगल साम्राज्य को कुछ समय के लिए हटाकर सूर साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने 1540 में मुगल बादशाह हुमायूं को हराकर अपने वंश का साम्राज्य स्थापित किया था, लेकिन सूर साम्राज्य बहुत समय तक नहीं चला, और 1545 में शेरशाह सूरी की मृत्यु के बाद मुग़ल साम्राज्य ने नियंत्रण हासिल कर लिया। पंजाब के पर्यटन सचिव डॉ. एहसान भुट्टा के अनुसार, स्थल पर मिलीं ईंट हड़प्पा काल की हैं, लेकिन इसमें शेर शाह सूरी के युग की विशेषताएं भी मौजूद हैं, जैसे बरामदा, जलाशय आदि। उन्होंने कहा, अधिक खुदाई करने से हमें यहां रहने वाले लोगों की जीवनशैली के बारे में पता चलेगा। उम्मीद है कि हड़प्पा काल की और भी विशेषताएं सामने आएंगी। उन्होंने बताया कि पुरातात्विक खुदाई में उत्तरी दिशा में मुख्य द्वार और द्वार के दोनों ओर तीन कमरे मिले हैं।

## ऑफ बीट

# डॉक्टरों की तुलना में आगे निकलता दिख रहा एआई



शतरंज, कला और चिकित्सकीय निदान में अपनी क्षमता साबित कर चुकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक अब चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों से आगे निकलती दिख रही है। मरीजों के लिए डॉक्टरों में पाया जाने वाला मानवीय गुण 'सहानुभूति' अब एआई में पाया जा रहा है। ब्रिटिश मेडिकल बुलेटिन में प्रकाशित हालिया समीक्षा में 15 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया। इसमें एआई द्वारा लिखे गए जवाबों की तुलना स्वास्थ्य पेशेवरों के लिखित उत्तरों से की गई। शोधकर्ताओं ने दोनों प्रकार के उत्तरों का सहानुभूति के आधार पर मूल्यांकन किया। परिणाम चौंकाने वाले थे- 15 में से 13 अध्ययनों (करीब 87 प्रतिशत) में एआई के उत्तर अधिक सहानुभूतिपूर्ण पाए गए। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे पहले कि हम स्वास्थ्य सेवा की मानवीय संवेदना एआई के हवाले कर दें, यह समझना जरूरी है कि वास्तव में हो क्या रहा है। इन अध्ययनों में आमने-सामने बातचीत के बजाय केवल लिखित उत्तरों की तुलना की गई थी, जिससे एआई को एक संरचनात्मक बढ़त मिली। न स्वर की गलत व्याख्या का जोखिम, न शरीर की भाषा को समझने की चुनौती, और सही उत्तर देने के लिए असीमित समय दिया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन अध्ययनों में किसी प्रकार की हानि को नहीं मापा गया।

## ट्रेंड

### कितनी नौकरियां दी



कभी राहुल गांधी, तो कभी तेजस्वी आते हैं और कहते हैं- हम हर घर में नौकरी देंगे। लेकिन अब तक तुमने कितनी नौकरियां दीं? ये दोनों बेईमान हमें पटियाने आए हैं; ये समझते हैं कि जनता बुद्धू बन जाएगी।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### प्रत्येक वार्ड सुंदर बने



जनता का आशीर्वाद, जनता के प्रति स्नेह, जनता का सेवाभाव। यही हमारा काम है और इस काम को करते हुए दिल्ली में 12 सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे। हम चाहते हैं कि दिल्ली का प्रत्येक वार्ड सुंदर बने, बेहतर बने और वहां विकास कार्य हों।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### अवैध प्रवासी बढ़े



आंकड़े बताते हैं कि अवैध प्रवासियों और एक खास समुदाय की आबादी, संपति और ज़मीन के स्वामित्व में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है - यह मूल असमियों पर अपना दबदबा बनाने की साफ़कोशिश है।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### महागठबंधन कुछ नहीं



महागठबंधन कुछ नहीं, एक-दूसरे की टांग खीचनें और धोखेबाजी का खेल है। इसके तीन खिलाड़ी राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव हैं। इन तीनों की अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग है। गांधी जी किसी भी क़ीमत पर नहीं चाहते कि दोनों यादव मुख्यमंत्री बनें।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## खबर संक्षेप

### फलौदी हादसे पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलौदी में हुए दिल दहला देने वाले सड़क हादसे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इस हादसे में तीर्थयात्रियों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर एक खड़े ट्रक से टकरा गया था, जिसमें 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी और कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### डोनाल्ड ट्रंप हर अमेरिकी को 1.7 लाख देंगे



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डॉलर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2,000 डॉलर (करीब 1.7 लाख रुपए) का 'डिविडेंड' मिलेगा। ट्रंप ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को 'मूर्ख' करार दिया। उन्होंने कहा, 'टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है।

### रक्षामंत्री ने कहा-तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम

# राजनाथ सिंह ने डीपीएसयू भवन का किया शुभारंभ, तीन अहम एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अत्याधुनिक डीपीएसयू भवन का उद्घाटन किया और आत्मनिर्भरता तथा सहयोग की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों के बीच तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर हुए हस्ताक्षरों की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने चार रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों को मिनीरत्न का दर्जा प्राप्त होने पर सम्मानित भी किया। बता दे कि कार्यक्रम के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने यंत्र इंडिया लिमिटेड के साथ दो एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इन समझौतों का उद्देश्य बिल के आधुनिकीकरण को सहयोग देना और 10,000 टन क्षमता वाले फॉर्जिंग प्रेस संयंत्र की स्थापना करना है, जो रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में उपयोग होने वाले एल्युमिनियम अलॉय की आयात निर्भरता को कम करने की दिशा में अहम कदम है। एचएएल ने वायआईएल को 435 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त अग्रिम देने की प्रतिबद्धता जताई है, जबकि (भारत डायनेमिक्स लिमिटेड) बीडीएल अगले दस वर्षों में 3,000 मीट्रिक टन तक के सतत कार्यभार की आपूर्ति करेगा। तीसरा एमओयू एमआईडीएचएएनआई में मेटल बैंक की स्थापना के लिए किया गया, ताकि राष्ट्रीय महत्व की रक्षा परियोजनाओं के लिए आवश्यक कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

**समझौतों का उद्देश्य बिल के आधुनिकीकरण को सहयोग देना**

**रक्षा मंत्री ने की 16 डीपीएसयू के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा**




नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अत्याधुनिक डीपीएसयू भवन का उद्घाटन करते हुए।

**इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 100 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करने पर किया सम्मानित**

*रक्षा मंत्री ने सभी डीपीएसयू से अपील की कि वे महत्वपूर्ण तकनीकों के तीव्र स्वदेशीकरण, समग्र आरएंडडी, उत्पाद गुणवत्ता सुधार, समयबद्ध डिलीवरी और निर्यात वृद्धि पर ध्यान दें। उन्होंने निर्देश दिया कि डीपीएसयू स्पष्ट आरएंडडी और इंडिजेनाइजेशन रोडमैप तैयार करें, जिनके परिणाम अगले समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किए जाएं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा उपयोग प्राप्त करने पर सम्मानित किया।*

### उत्पादन से स्वदेशी डिजाइन और विकास की दिशा में बदलाव संभव

रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर कई आरएंडडी पहल भी शुरू कीं, जिनमें एचएएल आरएंडडी मैनुअल प्रमुख है। इसका उद्देश्य अनुसंधान और विकास तंत्र को डिजिटलीकरण, बौद्धिक संपदा सृजन और भारतीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से मजबूत करना है। डीपीएसयू का आरएंडडी रोडमैप मौजूदा और भविष्य की रणनीतियों को एकीकृत करता है, जिससे लाइसेंस आधारित उत्पादन से स्वदेशी डिजाइन और विकास की दिशा में बदलाव संभव हो सके यह रक्षा क्षेत्र में तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। वही रक्षा मंत्री ने नव उद्घाटित डीपीएसयू भवन, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर में सभी रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की।

#### विलय करने की स्वतंत्रता मिलेगी

बैठक में चार डीपीएसयू म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड , आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड, इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड को मिनीरत्न (श्रेणी-1) का दर्जा मिलने पर सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मिनीरत्न का दर्जा मिलने से इन उपक्रमों को क्षमता विस्तार, आधुनिकीकरण और नए उपक्रमों व साझेदारियों चाहे सार्वजनिक हों या निजी के साथ संयुक्त उपक्रम या विलय करने की स्वतंत्रता मिलेगी।

#### भारत ने 1.51 लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन किया

सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे सभी 16 डीपीएसयू देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसी अभियानों में उनकी उत्कृष्ट भूमिका हमारे स्वदेशी प्लेटफॉर्म्स की विश्वसनीयता और क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में भारत ने 1.51 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन हासिल किया, जिसमें डीपीएसयू का योगदान 71.6 प्रतिशत रहा। रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो भारत के स्वदेशी रक्षा उत्पादों पर वैश्विक भरोसे का प्रतीक है।

### सम्मेलन 10 से 21 नवंबर तक चलेगा

## कॉप-30: बड़ी चुनौतियों के बीच ब्राजील में आज से जलवायु शिखर सम्मेलन

एजेंसी ▶▶ बेलेम (ब्राजील)

संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन कॉप- 30 बैठक से पहले उष्णकटिवंधीय वर्षा वनों को बचाने के लिए ब्राजील के वन कोष का भारत ने समर्थन किया है। ब्राजील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने ब्राजील के नेतृत्व वाले उष्णकटिबंधीय वन कोष में पर्यवेक्षक के रूप में भारत के शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत ब्राजील की पहल का स्वागत करता है।

ब्राजील ने गुरुवार को वनों के संरक्षण और विस्तार के लिए उष्णकटिबंधीय देशों को पुरस्कृत करने के लिए एक वैश्विक कोष के रूप में टीएफएफएफ की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी निवेश के माध्यम से




लगभग 125 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाना है। कॉप क्या है? कॉपी का मतलब है 'पार्टियों का सम्मेलन'। यह वार्षिक शिखर सम्मेलन उन देशों को एक साथ लाता है जिन्होंने 1992 की संयुक्त राष्ट्र जलवायु संधि पर हस्ताक्षर किए थे।

इस संधि का मुख्य उद्देश्य सभी देशों को मिलकर जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध करना है। यह संधि यह भी स्थापित करती है कि अमीर देशों की, जिन्होंने ग्रह-वार्मिंग उत्सर्जन में अधिक योगदान दिया है।

#### ब्राजील के बेलेम शहर में जुटे दुनियाभार के नेता

ब्राजील के बेलेम शहर में जुटे दुनियाभर नेता ट्रंप शामिल नहीं हो रहे, अन्य अमेरिकी नेता शामिल होंगे प्रमुख बातें -कॉप30 में 200 देशों के 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे -नेताओं के शिखर सम्मेलन में, 140 से अधिक प्रतिनिधिमंडल -लगभग 57 राष्ट्राध्यक्षों और 39 मंत्री, ब्राजील इस वर्ष का मेजबान है -10 से21 नवंबर तक सम्मेलन चलेगा।




## त्रि-सेवा अभ्यास 2025 का सफल आयोजन

30 हजार सैनिकों ने अभ्यास में भाग लिया



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत की तीनों सेनाओं ने मिलकर त्रि-सेवा अभ्यास 2025' का सफल आयोजन किया। अभ्यास को आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक माना जा रहा है। सोमवार को नौसेना ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बेहद महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास में भारतीय नौसेना के लगभग 20 से 25 सतही और पनडुब्बी जैसे संसाधन शामिल रहे। इनमें कई युद्धपोत भी शामिल थे। भारतीय थलसेना ने 30,000 से अधिक सैनिकों, हथियार प्रणालियों और उपकरणों के साथ अपनी सामरिक तैयारी और क्षमता को प्रदर्शित किया। बता दें कि भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना ने ये संयुक्त अभ्यास किया था। भारत की तीनों सेनाओं द्वारा यह संयुक्त अभ्यास राजस्थान, गुजरात और उत्तरी अरब सागर के विस्तृत क्षेत्रों में हुआ। सैन्य अभ्यास में जटिल युद्ध परिस्थितियों और बहु-क्षेत्रीय समन्वित अभियानों का प्रदर्शन किया गया। नौसेना के मुताबिक इस अभ्यास के माध्यम से तीनों सेनाओं के बीच संचालनिक तालमेल, एकीकृत युद्ध रणनीतियों और संयुक्त मानक कार्यप्रणालियों (एसओपी) का परीक्षण एवं सत्यापन किया गया।

## तिरुपति लड्डू विवादः मिलावटी घी सप्लाई मामले में 50 लाख की मनी ट्रेल का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** तिरुपति मंदिर से जुड़े लड्डू विवाद में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। लड्डू बनाने के लिए सप्लाई किए गए मिलावटी घी के सिलसिले में 50 लाख रुपये के मनी ट्रेल की बात सामने आई है। बता दें यह लड्डू हर साल मंदिर में आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों, भक्तों और टूरिस्ट को प्रसाद के तौर पर बांटा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश की सत्ताधारी वायएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व चेयरमैन वायवी सुब्बा रेड्डी के पर्सनल असिस्टेंट कडूरु चिन्नप्पन्ना ने कथित तौर पर यह रकम यूपी की प्रीमियर एग्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े हवाला एजेंटों से कैश में ली थी।चिन्नप्पन्ना ने कथित तौर पर दिल्ली के एक एजेंट अमन गुप्ता से 20 लाख रुपये और बाकी रकम प्रीमियर एग्री फूड्स के सीनियर एग्जीक्यूटिव विजय गुप्ता से ली थी।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया स्मारक का दौरा...



**लुआंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंगोला की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान लुआंडा में अंगोला के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. एंटोनियो अगोस्टिन्हो नेटो के स्मारक का दौरा करती हुई। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी छह दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में अंगोला में है, यह दौरा भारत और अंगोला के बीच राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ पर किया गया है।

### किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं

## बांग्लादेश में यूनुस के ग्रामीण बैंक मुख्यालय के बाहर बम धमाका

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के ग्रामीण बैंक मुख्यालय के बाहर रविवार देर रात देसी बम से धमाका हुआ। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने मीरपुर में स्थित बैंक मुख्यालय के बाहर तड़के करीब 3.45 बजे देसी बम फेंके। हम मामले की जांच कर रहे हैं। इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। बता दें कि यूनुस ने 1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की और इसके माध्यम से गरीबी उन्मूलन और गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए



बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ

काम शुरू किया। इसके लिए उन्हें 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था।

कई अन्य जगहों पर विस्फोट इस घटना के बाद यूनुस के ग्रामीण बैंक और मत्स्य पालन एवं पशुधन सलाहकार फरीदा अख्तर के मोहम्मदपुर इलाके के प्रबर्ताना में व्यावसायिक प्रतिष्ठान के बाहर भी दो विस्फोट हुए। ढाका में उपद्रवियों ने दो बसों में आग भी लगा दी।




### 2013 में अहमद अल-शरा को घोषित किया गया था आतंकवादी

# सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा का अमेरिका के स्वागत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को व्हाइट हाउस में सीरियाई समकक्ष अहमद अल शरा का स्वागत किया गया। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात के लिए शरा शनिवार को ही अमेरिका पहुंच थे। शरा का यह दौरा कई मायनों में काफी एतिहासिक है। उनके दौरे से एक दिन पहले ही यानी रविवार को अमेरिका ने उन्हें आतंकियों के लिए बनी ब्लैकलिस्ट से हटाया है।

शरा ही वह शख्स हैं जिनकी अगुवाई में विद्रोहियों ने लंबे समय से सीरिया पर शासन कर रहे बशर अल-असद को उखाड़ने में कामयाबी हासिल की है। यहां यह बात भी गौर करने वाली है कि ट्रंप जिस दिन व्हाइट हाउस में एक एक्स आतंकी शरा से मुलाकात करेंगे, उसी समय ब्राजील में कोप 30 का आगाज हो रहा है और ट्रंप ने इस बार इससे दूरी बनाई हुई है।



#### 1946 के बाद पहले राष्ट्रपति

साल 1946 में देश को आजादी मिलने के बाद से शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं जो अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। हालांकि शरा और ट्रंप की यह पहली मुलाकात नहीं है और दोनों नेताओं ने इस साल मई में रियाद में मुलाकात की थी। उस समय ट्रंप रियाद के दौरे पर गए थे। सीरिया में वाशिंगटन के दूत टॉम बैरक ने इस महीने की शुरुआत में उम्मीद जताई थी कि शरा इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में शामिल होने के लिए समझौते को साइन करेंगे।

**क्या है मीटिंग का मकसद**

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका दमिश्क के पास एक मिलिट्री बेस बनाने की योजना बना रहा है। इस बेस से न केवल मानवीय सहायता में मदद हो सकेगी बल्कि सीरिया और इजराइल के बीच घटनाक्रम पर नजर रखी जा सकेगी। विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने कहा कि शरा की सरकार अमेरिका की मांगों को पूरा कर रही है। इन मांगों में लापता अमेरिकियों को ढूंढने और बचे हुए रासायनिक हथियारों को नष्ट करने का काम भी शामिल है। पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के बाद से ही शरा ने ईरान और रूस से दूरी बना ली है। ये दोनों ही देश असद के सहयोगी रहे हैं। साथ ही अब वह तुर्की, गल्फ कंट्रीज और अमेरिका के करीब हो रहे हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25